तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 पानी की समस्या से परेशान नागरिक ...





14 रकबा संशोधन व सत्यापन लंबित धान विक्रय से ...




# धान के उठाव में देरी, चोरी होने से होगा समितियों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की आधी से अधिक सोसायटियों से धान का उठाव न होने के कारण स्थिति यह है कि 182 उपार्जन केंद्रों में लगभग 86 प्रतिशत धान जाम है। बता दें कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लगातार जारी है लेकिन, उठाव की स्थित काफी कमजोर है। अधिकांश उपार्जन केंद्रों में धान रखने के लिए जगह नही ऐसे में खरीदे हुए धान की निगरानी में चूक होने से सोसायटियों को धान चोरी जैसी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। जिसका सीधा नुकसान सोसायटियों को होगा।

जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर तक कुल 61632 किसानों से 362754.08 टन धान खरीदी की जा चुकी है। लेकिन, मात्र 50220.9 टन का ही उठाव अब तक हो पाया है। जो कुल खरीदी का मत्र 13.8 प्रतिशत है। अब भी पूरे 182 केन्द्रों में 312533.89 टन (86.15 प्रतिशत) धान जाम पड़ा हुआ है। समितियों की मानें तो सप्ताहभर में धान उठाव में तेजी नही आई तो आने वाले समय में और विकट स्थिति का सामना करना पड़ेगा जो सीधे किसानों को प्रभावित करेगा।



### उठाव नहीं हुआ तो समितियों पर पड़ेगा बोझ

सहकारी कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि वर्तमान में जिले की सहकारी समितियां जैसे-तैसे व्यवस्था बनाकर खरीदी सुचारू रूप से चला रही है। उन्होंने कहा कि खरीदी लगभग एक माह से अधिक बीत चुका है। धान का उठाव न होने से अब धान रखने जगह का अभाव शुरू हो गया है। नई जगह बनाने के लिए समितियों पर प्रकाश व्यवस्था, तिरपाल, कैमरे तथा अतिरिक्त चौकीदार के खर्च का बोझ बढ़ जाएगा तथा चोरी आदि का भी भय बना रहेगा। इधर, अब 24 घंटे टोकन कटना शुरू हो चुका है। ऐसे में उपार्जन केंद्रों में लगातार धान की आवक होगी और उपार्जन केंद्रों पर धान का दबाव बढ़ेगा। यही नहीं, जो धान प्रारंभ में खरीदे गए हैं उनमें सूखत आएगी, इससे सहकारी समितियों को नुकसान होगा।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम डोंगारक्शा में महिलाओं के साथ मारपीट के मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को संतोषिनी कोंद निवासी डोंगारक्शा ने बताया कि उसकी मां की मृत्यु के बाद मां के नाम की जमीन बड़ी दीदी प्रेमाबाई कोंद के नाम पर है। जिसमें वह अपनी दीदी भूमिबाई कोंद के साथ मिलकर खेती किसानी करती है। प्रार्थिया ने बताया कि धान कटाई के बाद उक्त जमीन खाली पड़ा था, जिसमें 21 दिसंबर को गांव के हिमांशु एवं अक्षय कोंद द्वारा धान बोने के लिए पानी डाला जा रहा था। जिसकी सूचना उसने अपीने दीदी विनोदिनी, प्रेमाबाई कोंद को दी। इसके बाद वे चारों खेत में गये और पानी डालने के लिए मना किये, तब आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब और 8 क्विंटल महुआ लाहन जब्त

**महासमुंद।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के विरूद्ध अपनी मुस्तैदी बढ़ा दी है। पिथौरा वृत्त अंतर्गत विभाग ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मुखबिर की सूचना पर गोपालपुर बिंधनखोल नाला के पास विवेचक अधिकारी नीरज कुमार साहू एवं पिथौरा स्टाफ की टीम ने मौके पर घेराबंदी की। मौके से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, 16 बोरों में 8 क्विंटल महुआ लाहन (अनुमानित कीमत लगभग 42 हजार रुपए) जब्त किया गया। आबकारी अधिकारी नीरज साहू ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस और आबकारी टीम की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहा। विभाग ने अज्ञात के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (क)(च), 34 (2) और 59 (क) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जब्त महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया।

## जांच : जिले में धान के अवैध परिवहन, भंडारण के मामलों में की गई कार्रवाई

# अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर कड़ी कार्रवाई, 665 कट्टा धान जब्त एवं 50 क्विंटल रकबा समर्पण कराया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में धान उपार्जन व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर संयुक्त टीम द्वारा लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जिले के विभिन्न तहसीलों में कल बीती रात और आज अवैध धान भंडारण, परिवहन एवं अनियमितता के मामलों में कड़ी कार्रवाई की गई है। जिसमें 665 कट्टा धान एवं 50 क्विंटल रकबा समर्पण कराया गया।

विकासखंड पिथौरा अंतर्गत एसडीएम बजरंग वर्मा के नेतृत्व में टीम द्वारा ग्राम बहमनी में गोयल ट्रेडर्स के गोदाम का निरीक्षण किए जाने पर वहां 600 कट्टा धान का अवैध भंडारण पाया गया। मौके पर धान को जब्त कर लिया गया है तथा संबंधित प्रकरण में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई किए जाने हेतु मंडी सचिव को निर्देशित किया गया है।



इसी प्रकार विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत एसडीएम नमिता मारकोले के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा घुंचापाली क्षेत्र में अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए 65 कट्टा धान पकड़ा गया। इस दौरान धान परिवहन में प्रयुक्त वाहन समेत धान को जब्त कर थाना बागबाहरा के सुपुर्द किया गया, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं तहसील सरायपाली अंतर्गत एसडीएम अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पुडागढ़ में निरीक्षण के दौरान एक किसान द्वारा 132 क्विंटल धान का टोकन कटाया जाना पाया गया, जबकि मौके पर किसान के घर में केवल 82 क्विंटल धान ही उपलब्ध था। पूछताछ में किसान द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उसके पास अतिरिक्त धान उपलब्ध नहीं है। इस पर मौके पर पंचनामा तैयार कर शेष 50 क्विंटल धान का रकबा समर्पण कराया गया।



धान के अवैध परिवहन व भंडारण को लेकर जिला प्रशासन ने निर्देश दिए है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण या परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में आगे भी सतत निरीक्षण कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**महासमुंद।** जिले में समर्थन मूल्य में धान खरीदी सतत रूप से जारी है, वहीं धान खरीदी में अनियमितता करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में सर्वाधिक धान जब्त के प्रकरण बनाए गए हैं। गत 20 दिसंबर को सरायपाली अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र सिंगबहाल में धान परिवहन के संबंध में अनियमितता पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि 20 दिसम्बर की शाम करीब 6 बजे सिंगबहाल धान उपार्जन केंद्र में धान की हेराफेरी के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर खाद्य निरीक्षक अविनाश दुबे एवं तहसीलदार श्रीधर पंडा ने मौके पर प्रभारी बुद्धिवंत प्रधान द्वारा डीओ, डीएम राईस मिलर गेट पास एवं तौल पत्रक प्रस्तुत करने कहा जिस पर बुद्धिवंत प्रधान ने डीओ, डीएम राईस मिलर गेट पास एवं तौल पत्रक प्रस्तुत किया। जांच करने पर डीओ में भोलेनाथ इंडस्ट्रीज छुईपाली का 350 क्विंटल का डीओ एवं डीएम में कुल 875 बोरा धान, धान उपार्जन केंद्र सिंगबहाल से भोलेनाथ इंडस्ट्रीज छुईपाली को जारी करना पाया गया, जबकि ट्रक क्रमांक सीजी 06 एचबी 4361 में 500 बोरी धान लोड होना पाया गया। उक्त अनियमितता में बुध्दिवंत प्रधान, हेमंत साहू, गिरजाशंकर भोई एवं छुईपाली निवासी आशीष अग्रवाल की संलिप्तता पाई गई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार बुद्धिवंत प्रधान, हेमंत साहू तथा गिरिजाशंकर भोई ने जानबूझकर तय डीएम की मात्रा से कम धान ट्रक में लोड कराया गया, इसमें भोलेनाथ इंडस्ट्रीज छुईपाली के संचालक आशीष अग्रवाल सक्रिय रूप से भागीदार हैं। उक्त अनियमितता में सम्मिलित दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### अवैध धान परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर प्रधान पाठक निलंबित

**महासमुंद।** अवैध धान परिवहन में संलिप्तता पाए जाने पर प्रधानपाठक ओमप्रकाश चंद्राकर, शासकीय प्राथमिक शाला बसुलाडबरी, विकासखंड बागबाहरा के विरूद्ध कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश में निलंबन की कारवाई की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, बागबाहरा के प्रतिवेदन अनुसार ओमप्रकाश चंद्राकर, प्रधानपाठक, शासकीय प्राथमिक शाला बसुलाडबरी द्वारा वाहन 407 मे धान भरकर ग्राम लिटियादादर से गांजर मार्ग पर अज्ञात घर के पीछे छिपाने एवं मंडी नियमों का उल्लंघन करते हुये जब्त अवैध धान को शाम 6:00 बजे कुछ ग्रामवासियों के माध्यम से शासकीय कार्य में बाधा डालते हुये बलपूर्वक ले जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई।

उक्त संबंध में ओमप्रकाश चंद्राकर, प्रधानपाठक को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्पष्टीकरण जारी किया गया। जिसका जवाब परीक्षण उपरांत संतोषप्रद प्राप्त नहीं पाया गया। उक्त कारण से ओमप्रकाश चंद्राकर, प्रधानपाठक को छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण, तथा अपील 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है एवं निलंबन अवधि मे इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# डिजिटल टोकन व्यवस्था से अब आसानी से हो रही है खरीदी

**महासमुंद।** जिले में सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का कार्य सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित हो रहा है। इसी क्रम में महासमुंद अंतर्गत ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित कनेकेरा (शेर) में धान उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से जारी है। समिति प्रबंधक परमेश्वर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज समिति में 29 किसानों द्वारा 1777 क्विंटल धान के लिए टोकन जारी किए गए। उन्होंने बताया कि अब तक समिति में कुल 561 किसानों द्वारा 31 हजार 438 क्विंटल धान का विक्रय किया जा चुका है। वहीं, उपार्जित धान में से 15, 620 क्विंटल मोटा धान का उठाव भी सफलतापूर्वक किया जा चुका है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। भुगतान की प्रक्रिया भी सुरक्षित एवं भरोसेमंद है, जिससे किसानों का शासन पर विश्वास और मजबूत हुआ है। धान उपार्जन की इस सुव्यवस्थित प्रक्रिया का लाभ ग्राम भलेसर निवासी किसान लाभाराम साहू को भी मिला है। साहू ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से टोकन काटकर आज 80.80 क्विंटल धान का विक्रय किया। उनके पास कुल 8 एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से उन्हें समय पर तौल, पारदर्शी प्रक्रिया और बिना किसी परेशानी के धान विक्रय की सुविधा मिली। इस सुविधा के लिए उन्होंने राज्य शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसी तरह ग्राम बकमा के किसान घनश्याम चंद्राकर ने बताया कि उनके पास 80 एकड़ भूमि है, उन्होंने अब तक 2000 क्विंटल धान का विक्रय कर लिया है। उन्होंने बताया कि धान बेचने की प्रक्रिया पूरी तरह सहज रही और विक्रय की राशि सीधे उनके खाते में समय पर प्राप्त हो गई। आगे भी शेष धान के विक्रय को लेकर वे पूरी तरह आश्वस्त हैं। वे किसानों को समय पर उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिलने से खुश हैं।

# बाइकों में आमने-सामने टक्कर, दो मृत एक गंभीर

## भोरिंग और जोबा के बीच चॉकलेट फैक्ट्री के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में रविवार को दो की मौत हो गई। वहीं, इस दुर्घटना में घायल हुए एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम मोरधा निवासी लखनलाल साहू (39) बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएस 2797 से अपनी ससुराल जोबा जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से एक अन्य बाइक क्रमांक सीजी 04 पीआर 9927 में संत रविदास गार्डन नयापारा महासमुंद निवासी मिस्त्री शिवकुमार जगत (35) व लभरा निवासी सतानंद नेताम (28) सवार थे। दोपहर करीब 1.20 बजे भोरिंग और जोबा के बीच चाकलेट फैक्ट्री के पास बाइकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें चालक लखन लाल साहू और दूसरी बाइक का चालक शिवकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, सतानंद को गंभीरावस्था में 108 की मदद से सरकारी अस्पताल तुमगाँव पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे महासमुंद जिला अस्पताल रिफर किया गया। पीएम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए। मर्ग सूचना पर जाँच के बाद एफआईआर की जा रही है।



### कार का पिछला टायर निकला, बाल-बाल बचा परिवार

बागबाहरा से रायपुर जा रहे अग्रवाल परिवार की कार का पिछला पहिया ओंकारबंद के पास अचानक निकल जाने से कार 3 बार पलटी। लेकिन, सभी के द्वारा सीट बेल्ट लगाए जाने के चलते हादसे में सभी बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार बागबाहरा निवासी अग्रवाल परिवार के 6 सदस्य कार क्रमांक सीजी 04, पीएक्स 6755 में सवार होकर बागबाहरा से रायपुर जा रहे थे कि ओंकारबंद के पास उनकी कार का पिछला पहिया निकल गया और कार पलट गई।

## जिले की पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ लिया एक्शन

# बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त, 13 के खिलाफ हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पुलिस द्वारा भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब निर्माण करने, परिवहन करने तथा बिक्री करने वालों के विरुद्ध चलाया गया अभियान महासमुंद पुलिस के द्वारा 12 प्रकरणों में 13 व्यक्तियों के कब्जे से कुल 373.44 लीटर शराब कीमत 76, 340 के अवैध शराब जब्त किया गया। सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं परिवहन करने वाले के उपर कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया था जिसके तहत समस्त थाना/चौकी प्रभारियों व सायबर सेल महासमुंद की टीम द्वारा अपने क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर मुखबिरो को सजग कर अवैध शराब निर्माण मादक पदार्थ परिवहन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया था। जिसके तहत 21.12.2025 को महासमुंद जिले की पुलिस टीम के द्वारा थाना सांकरा में 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति के तेजकुमार खुंटे पिता डमरु खुंटे (26 साल) शंकरपुर टुकडा बनडबरी थाना सांकरा जिला महासमुंद के कब्जे से कुल 120 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 24, 500 को रूपये जब्त किया गया।

थाना सिंघोडा में 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति गुलापी बरिहा पति प्रतिबोध बरिहा (40 साल) डोंगररक्शा थाना सिंघोडा जिला महासमुंद के कब्जे से 03 नग प्लास्टिक जरकीन 20-20 लीटर क्षमता में 20- 20 लीटर कुल 60 लीटर एवं 05 -05 लीटर वाली जरकीन में कुल 10 लीटर तथा 02 नग में 02 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब भरी हुई कुल जुमला 72 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 14700 रूपये जब्त किया गया। इसी प्रकार थाना महासमुंद में 02 प्रकरणों में 03 व्यक्ति 01. महेंद्र कोसले व 02. धर्मेंद्र कोसले पता महासमुंद, 03. रोहित यादव पिता सुभाष यादव (24). नयापारा, महासमुंद के कब्जे से कुल 88 लीटर शराब कीमती 20000 रुपए जब्त किया गया। थाना पिथौरा में 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति सुरेश सेन पिता किशन सेन (45 साल) ग्राम सलडीही, सांकरा के कब्जे से 7 लीटर शराब कीमती 1400 रुपए जब्त किया गया। थाना बसना में 02 प्रकरणों में 02 व्यक्ति विनोद साहू पिता शशि साहू (34 साल) ग्राम बोहारपार, महासमुंद, नरोत्तम रौतिया पिता बनमाली (42 साल) ग्राम जगदीशपुर महासमुंद के कब्जे से कुल 22 लीटर शराब कीमती 4400 रुपए जब्त किया गया। थाना सरायपाली में 02 प्रकरणों में 02 व्यक्ति बैशाखू अजय पिता आनंद अजय (32 साल) ग्राम बालसी एवं परीक्षित चौहान पिता तिरिथ चौहान (48 साल) ग्राम जोगीडीपा सरायपाली के कब्जे से कुल 28.7 लीटर शराब कीमती 5740 रुपए जब्त किया गया। थाना बागबाहरा में 01 प्रकरण में 01व्यक्ति यशवंत सोनवानी पिता विष्णु सोनवानी (36 साल) बाजार पारा बागबाहरा के कब्जे से कुल 25 लीटर शराब कीमती 1200 रुपए जब्त किया गया। थाना तुमगांव में 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति मनहरण कुर्रे पिता बुधारू कुर्रे (21 साल) ग्राम रसोटा थाना खरोरा, रायपुर के कब्जे से कुल 7.74 लीटर शराब कीमत 4000 रुपए जब्त किया गया। थाना खल्लारी में 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति कब्जे से कुल 3 लीटर शराब कीमती 400 रुपए जब्त किया गया।



इस प्रकार जिले में अवैध शराब के विरूद्ध अभियान के तहत 12 प्रकरणों में 13 व्यक्तियों के कब्जे से कुल 373.44 लीटर शराब कीमती 76, 340 रुपए जब्त कर महासमुंद पुलिस के द्वारा सभी व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

# बीज उत्पादन कार्यक्रम निर्धारित

**महासमुंद।** महासमुंद जिले में बी वर्ष 2026-27 की बीज आवश्यकता की पूर्ति हेतु आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ रबी फसल वर्ष 2025-26 में बीज उत्पादन कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 10 वर्ष के अंदर एवं 10 वर्ष के बाहर की किस्मों के बीज उत्पादन हेतु गेहूं, सरसों, मूंगफली, मूंग एवं अलसी फसलों का लक्ष्य तय किया गया है। जिले के बीज प्रक्रिया केंद्र लभरा खुर्द तथा अंतर्गत विकासखंड महासमुंद एवं बागबाहरा में 10 वर्ष के बाहर की किस्मों के अंतर्गत सरसों फसल का 15 हेक्टेयर क्षेत्र में बीज उत्पादन लक्ष्य रखा गया है। वहीं बीज प्रक्रिया केंद्र बसना एवं विकासखंड बसना व पिथौरा क्षेत्र में 10 वर्ष के बाहर की किस्मों के अंतर्गत गेहूं, सरसों एवं मूंगफली का 25-25 हेक्टेयर क्षेत्र में बीज उत्पादन किया जाएगा। बीज प्रक्रिया केंद्र सरायपाली एवं विकासखंड सरायपाली क्षेत्र में सरसों का 20 हेक्टेयर तथा मूंगफली का 50 हेक्टेयर क्षेत्र में बीज उत्पादन लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही 10 वर्ष के अंदर की किस्मों के बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत बीज प्रक्रिया केंद्र लभरा खुर्द एवं विकासखंड महासमुंद व बागबाहरा क्षेत्र में गेहूं का 45 हेक्टेयर तथा सरसों का 15 हेक्टेयर लक्ष्य रखा गया है। बीज प्रक्रिया केंद्र बसना एवं विकासखंड बसना व पिथौरा क्षेत्र में गेहूं का 15 हेक्टेयर तथा अलसी का 5 हेक्टेयर क्षेत्र बीज उत्पादन हेतु चयनित किया गया है। वहीं बीज प्रक्रिया केंद्र सरायपाली एवं विकासखंड सरायपाली क्षेत्र में गेहूं का सर्वाधिक 100 हेक्टेयर तथा मूंग का 20 हेक्टेयर क्षेत्र में बीज उत्पादन किया जाएगा। किसानों से अपील की गई है जो अनाज, दलहन एवं तिलहन फसलों के बीज उत्पादन कार्यक्रम में भाग लेना चाहते हैं, वे संबंधित बीज प्रक्रिया केंद्र, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव आज

**धमतरी।** स्थानीय बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में 23 दिसंबर को विधानसभा स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में धमतरी एवं कुरूद विधानसभा क्षेत्र के वे संकुल स्तरीय प्रतिभागी एवं टीमें भाग लेंगी, जिन्होंने प्रथम चरण में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### मानस महासम्मेलन समिति की बैठक आज

**नगरी।** ग्राम सांकरा की श्रीराम सेवा एवं श्री रामचरित मानस महासम्मेलन समिति की बैठक 23 दिसंबर को मानस भवन में आयोजित की गई है। बैठक में मानस सम्मेलन समिति के आजीवन संरक्षक, आजीवन सदस्य, पदाधिकारी, सांकरा क्षेत्र के सभी रामायण मंडली अध्यक्ष, ग्रामवासियों से उपस्थिति की अपील मानस समिति अध्यक्ष सुरेश साहू ने की है। यह जानकारी मानस सम्मेलन समिति सांकरा के आजीवन संरक्षक राजू पटेल ने दी।

# मां के समझदार होने से ही बच्चे की जागृति सुनिश्चित : कोकड़िया

## विद्या भारती के लक्ष्य को समझने 1000से अधिक मातृ शक्तियों ने उपस्थिति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकसित भारत-विकसित संसार, सुखी समृद्ध व्यक्ति -सुखी समृद्ध परिवार -सुखी समृद्ध गांव, सुखी समृद्ध देश -सुखी समृद्ध विश्व निर्माण के लिए पिरदा -बसना के 25 से अधिक गांवों के 1000 से अधिक महिलाओं को जागरूक किया गया।

इस दौरान मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदुवाही ने, सीमा नरेश पटेल महिला प्रकोष्ठ प्रभारी गायत्री परिवार पिथौरा व संचालक सरस्वती शिशु मंदिर पिरदा देव चंद्र नायक, जिन्होंने करोड़ों की जमीन दान कर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पिरदा की नींव रखी, व सरिता भगवान अग्रवाल, दानदात्री रामकृष्ण परमहंस सभागार को सम्मानित करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर पिरदा में अध्यापन रत 21 आचार्यों के समर्पण व निष्ठा को भी नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, शिक्षक गेंदलाल कोकडिया, संचालक मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदुवाही ने महिलाओं को अपने बच्चों के बेहतर समझ, खान-पान, लालन-पालन, पोषण -संरक्षण, देखरेख, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और संस्कार पक्ष पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्लास्टिक मुक्त घर, गांव निर्माण करने, व बच्चों को चिप्स, कुरकुरे व पैकिंग फूड से बचाने स्वयं स्वायत्त होने व जीवन विद्या अध्ययन करने को लेकर अपनी बात रखी।मातृशक्ति सम्मेलन पिरदा सरस्वती शिशु मंदिर में विद्या भारती के माध्यम से आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदुवाही की ओर से सहभागिता करते हुए राखी गेंदलाल कोकडिया ने मां का अपने संतान के प्रति क्या कर्तव्य एवं दायित्व है? उस पर संवाद करते हुए मां को मानवीय मूल्यों की समझ होना अनिवार्य बताया। देवचंद्र नायक पिरदा सरस्वती शिशु मंदिर संचालक ने 34 वर्षों में माताओं और बहनों की जागृति के लिए किये गये संकल्पों व क्रियाकलापों से अवगत कराते हुए मां का मानव समाज निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ऐश्वर्या, पिरदा सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य ललित बेहरा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन व प्रबंधन लिंगराज ने किया। उपस्थित सभी 1000 से अधिक महिलाओं व महिला जनसभा ने गीता देव चंद्र नायक का विद्यालय के लिए भूमि दान के लिए सरिता भगवान अग्रवाल का सभागार निर्माण के लिए धनराशि दान देने के लिए, सुशीला अंबु पटेल सभापति जनपद पंचायत महासमुंद, विमला बेहरा जनपद पंचायत सदस्य पिथौरा का कार्यक्रम में महिलाओं के जागृति के लिए किये गये प्रयासों के लिए सम्मानित किया ।



### बेलसोंडा स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी रहीं उपस्थित

**महासमुंद।** बच्चों के सुरक्षित और उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए ग्राम बेलसोंडा स्थित स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेन्द्र चंद्राकर ने नौनिहालों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में सरपंच प्रीत बाई धीवर, उपसरपंच कुणाल चंद्राकर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता नंदिनी चंद्राकर, मितानिन व पंच कुंती धीवर, मितानिन कुंती चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### राठी ने पिलाई पोलियो की दवा, अभियान शुरू

**महासमुंद।** जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान 2025 का शुभारंभ 21 दिसंबर को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा महासमुंद में उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद देवीचंद राठी द्वारा बच्चे को पोलियो की दवा पिला कर किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद गुप्ता जिला टीकाकरण अधिकारी, राहुल ठाकुर शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, अनुपम शर्मा आरएमएनसीएचए सलाहकार, मनीष कश्यप, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं बच्चों के पालकगण उपस्थित रहे।



## सतनाम संस्कृति की सादगी मानव समाज को जोड़ती है: विजय

**महासमुंद।** ग्राम कोसरंगी में गुरु घासीदास बाबा के 269 जयंती के अवसर पर सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष विजय बंजारे की मुख्य अतिथि व सरपंच सुरेश कुमार साहू के अध्यक्षता व खट्टी परिक्षेत्र के अध्यक्ष कृष्ण कुमार नारंग, सचिव देव जोशी महेश जोशी यूथ ब्लॉक अध्यक्ष तीरथ घृतलहरे, सोहन लाल साहू पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, यदुनाथ पांडे, झड़ी राम विश्वकर्मा उपसरपंच के विशेष अतिथि में गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया। जैतखाम में आरती गुरु वंदन के बाद पालों चढ़ाई गई। उपस्थित लोगों को जिलाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास बाबा के मानवता व समतामूलक विचार धारा मानव समाज को आपस में एक-दूसरे को जोड़ती है सतनाम संस्कृति आज प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है जहां ना कोई भेद-भाव है और ना ही नफरत। इसलिए यहां अन्य राज्यों के अपेक्षा अमानवीय घटनाएं कम है। अध्यक्षता कर रहे कोसरंगी के सरपंच सुरेश कुमार साहू ने कहा गुरु बाबा के उद्देश्य अनुरूप ग्राम पंचायत कोसरंगी में सर्व समाज में समानता और एकता स्थापित है। ग्राम विकास व सामाजिक दायित्वो के लिए हरसंभव मदद करने की आश्वासन दिया। कृष्णा नारंग ने समाज के लोगों को शिक्षा रोजगार में विशेष ध्यान देने तथा जरुरतमंद बच्चों को पे बेक सोसायटी के माध्यम से सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से टुकेश्वर साहू डागा साहू बहादुर लाल साहू, चंदन साहू डगेश्वर ध्रुव बृजभूषण साहू, कार्तिक राम साहू, मन्नू साहू शीतल साहू ग्रामीण उपाध्यक्ष, देवा साहू, धनसाय यादव, दौलत निषाद डीके.लाल साहू संतोष बंजारे, भंडारी हेमलाल, डोमन कोशले, व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शांत्रीबाई कॉलेज में शैक्षणिक प्रदर्शनी का आयोजन

**महासमुंद।** शांत्री बाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय, महासमुंद में बीए, बीएससी, बीएड संकाय के द्वारा संयुक्त रूप से शैक्षणिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों से संबंधित मॉडल, चार्ट, शोध-प्रदर्शन, प्रोजेक्ट कार्य एवं नवीन शैक्षणिक नवाचार प्रस्तुत किए।

प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कौशल-विकास, विषयगत समझ एवं प्रायोगिक ज्ञान को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, हिंदी साहित्य, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, भौतिकी, गणित, कंप्यूटर साइंस, गृह विज्ञान, भारतीय मूल्य की परंपराएं, शिक्षाशास्त्र (बी.एड.) आदि विषयों से संबंधित उत्कृष्ट कार्यों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन छ.ग.चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के द्वारा-जंतु विज्ञान में पादप कोशिका का संरचना, मानव संरचना, डीएनए की संरचना, खाद्य जाल, जल प्रदूषण नियंत्रण, सौर ऊर्जा, पानी टंकी के ओवरफ्लो इंडीकेटर, आग से सुरक्षा हेतु एंडीकेटर, घरेलू व आस-पास के औषधीय पौधों, वन औषधियों पौधों से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कला संकाय ज्वालामुखी, भ्रंश और वलन, पृथ्वी की दीर्घकालीन, मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम अंतर्गत भारतीय परंपरा एवं मूल्य विषय में समाज के संस्कृति से संबंधित छत्तीसगढ़ के प्रमुख पारंपरिक आभूषण-पैर में तोड़ा, पैरी, लच्छा, सांटी, झांझ, पैर की उंगली में पहने जाने वाले आभूषण बिछिया, बिछुआ, चुटकी हाथों में ऐंठी, गोल कंगन या कड़ा, कंगन या कड़ा चोटी की तरह गूंथा हुआ, पटा, ककनी कानों में तरकी, छुमका, ढार, खिनवा, करनफूल, खूंटी, लुरकी, नाक में फुल्ली, नथ, गला में रुपियामाला, दुरली कटवा, हथनी, सुता पुतरी, सुँड़रा, संकरी, तिलरी, कमर में करधन कोहनी के ऊपर नांगमोरी, बाजूबंद, आभूषणों का प्रदर्शन तथा राजनीतिक विचारधाराएं तथा विचारधारकों को छाया चित्र एवं सरकार के द्वारा विभिन्न प्रकार की चलाई जा रही योजनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से बताया गया। मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम गृह विज्ञान के तहत भोजन एवं खाद्य पदार्थों का संरक्षण कैसे किया जाए, इस संबंध में प्रदर्शनी आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रुप से पापड़, अचार, निजर्लीकरण, शक्कर एवं नमक के द्वारा, शीतकरण, एंजाईम द्वारा सरंक्षण, सॉस बनाना, सहजन पत्ती एवं फल्ली का संरक्षण, आयरन स्त्रोत एवं मसाले आदि पदार्थ प्रमुख थे। शिक्षा संकाय बी.एड. के तहत पाठ्यक्रम में सम्मिलित नई तालिम में गांधी द्वारा दिए गए उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ व्यवसाय के लिए अनेक प्रकार की बुनियादी वस्तुएं के निर्माण जैसे -बुके, कपड़ों की रंगाई (बंधेज), मोमबत्ती के दीप, चित्रकला, मैट रंगोली को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर छ.ग.चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी केवल रचनाओं का संग्रह नहीं है, बल्कि यह हमारे विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, मेहनत, विषयगत समझ और सृजनात्मकता का स्पष्ट प्रमाण है। उपस्थित शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष चन्द्रपाल चंद्राकर ने सभी विभागों के शिक्षकों को बधाई दिया और कहा कि विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देकर उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यार्थियों का उत्साह और लगन देखकर यह विश्वास और दृढ़ होता है कि हमारे युवा भविष्य में समाज एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगे। शिक्षण समिति के सचिव कमलेश चंद्राकर ने कहा कि यह प्रदर्शनी अत्यंत सराहनीय है। अपेक्षा करता हूँ कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार के नवाचारी, ज्ञानवर्धक एवं कौशल-आधारित कार्यक्रम आयोजित होते रहें।

प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नवाचार तथा सीखने की क्षमता को मजबूत करती है। विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने मॉडल एवं प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों, शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महाविद्यालय में आयोजित शैक्षणिक प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए बी.एड. विभाग की सहायक प्राध्यापक मेनका चंद्राकर द्वारा सभी अतिथियों, प्राचार्य, समस्त सहायक प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ नारायण चक्रधारी, देवेंद्र चंद्राकर, आकांक्षा सिंह, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, रेशम साहू, अर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, गोविंद श्रीवास, नरेंद्र तांडी, देवानंद चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल, एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





## नर्रा स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विविध आयोजन हुए

**महासमुंद।** शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरा के विज्ञान क्लब सृजन के तत्वाधान में, एनसीएसटीसी तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरें एवं जिला नोडल अधिकारी जगदीश सिन्हा के मार्गदर्शन में श्रीनिवास रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेंटल मैथ्स चैलेंज, मैथ्स पोस्टर प्रतियोगिता, मैथ्स मॉडल प्रतियोगिता। , विशेषज्ञ व्याख्यान आदि का आयोजन किया गया। जिसमें नरा सहित आसपास के स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मैथ्स मेंटल चैलेंज में छात्रों ने गणित के प्रश्नों, मानसिक योग्यता और रीजनिंग प्रश्नों का उत्तर दिया। व्याख्यान के तहत गणित के वरिष्ठ व्याख्यात भास्कर प्रसाद यादव ने भारत की गणित इतिहास पर प्रकाश डालते हुए, महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामनाजन के जीवनी के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने गणित विषय में भविष्य की नौकरियों और कौशल विकास पर भी अपने व्याख्यान में छात्रों को संबोधित किया। गणित मॉडल प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालय से आए छात्रों ने गणित के रोचक मॉडल बनाकर शाला प्रांगण में प्रदर्शन किया। गणित मॉडल के प्रदर्शनी में ग्रामीण, पालकों ने अवलोकन कर छात्रों को प्रोत्साहित किया। विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य भूपेंद्र पड़ियार के मार्गदर्शन में गणित संकाय के प्रभारी व्याख्याता भास्कर प्रसाद यादव के निर्देशन राष्ट्रीय गणित सप्ताह के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति भय दूर कर इस विषय को रुचिकर बनाना था। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों के गणितीय कौशल एवं बुद्धिमता का परीक्षण किया गया। तथा विजेता छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।। भास्कर यादव ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थी गणित विषय के प्रति आकर्षित होंगे। गणित सभी क्षेत्र में आवश्यक है चाहे भूगोल हो, वाणिज्य हो, या विज्ञान के नवीनतम तकनीक हों सभी क्षेत्र में गणितीय अवधारणाओं की आवश्यकता होती है और इस। प्रकार के आयोजन से छात्रों को सरल तरीकों से गणित के अवधारणाओं को समझाने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता पन्नालाल साहू, रतन लाल कोसरे, कामता प्रसाद साहू, दुर्गेश चंद्राकर, योगेश साहू, जागृति प्रजापति, अरविंद ठाकुर, कुलेश्वर चंद्राकर, सुखराम चंद्राकर, खगेश्वर साहनी सहित शिक्षक एवं विद्यार्थियों की विशेष सहभागिता रही।



### वेडनर में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा उत्सव संपन्न

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे दो दिवसीय क्रीडा उत्सव का आयोजन किया गया। ओलंपिक की तर्ज पर बच्चों ने मशाल प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और गुब्बारे उड़ाकर उत्साह की लहर दौड़ा दी। शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम एवं प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्वलित कर किया गया। ब्लू, ग्रीन, रेड एवं यलो हाउस के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट की शानदार प्रस्तुति दी। रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाने से वातावरण उत्सवपूर्ण हो गया। इस प्रतियोगिता में प्री प्राइमरी के बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर, प्राइमरी विभाग के बच्चों के लिए बेलेंस रेस, फ्लेट रेस स्कीपिंग, पोटेटो रेस, हूला हूप, खेल रखा गया इसी क्रम में मिडिल एवं हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों के लिए शॉट पुट, लॉग जंप, स्लो साइकिल रेस फ्लेट रेस जैसी विविध स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिसमें खेल प्रतिभागियों ने अनुशासन को ध्यान में रखते हुए जोश और उत्साह के साथ खेल खेले। इस कार्यक्रम को सांस्कृतिक प्रभारी वरिष्ठ शिक्षिका प्रदीप्ति चांडक के महत्वपूर्ण योगदान के साथ समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग ने कार्यक्रम को सफल बनाया। समस्त खेल गतिविधियां

## निः शुल्क योग शिविर का समापन

**महासमुंद।** महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में कलेक्टर कॉलोनी में आयोजित निशुल्क पांच दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। 18 दिसंबर से शुरु हुए इस शिविर में नागरिकों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ एवं रोग निवारण की जानकारी दी गई। जिसमें बड़ी संख्या में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के प्रथम दिन योग अभ्यास कुंती देवांगन द्वारा, द्वितीय दिन राज्य कार्यकारिणी सदस्य तिलक साव द्वारा, तृतीय दिन सुमति साहू द्वारा तथा चतुर्थ दिवस महिला पतंजलि जिला महामंत्री पूनम पटले द्वारा कराया गया। शिविर में योग जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान, एडवांस योग, रोगानुसार योग, जड़ी-बूटी परिचय एवं एक्यूप्रेशर का अभ्यास कराया गया। शिविर के अंतिम सत्र में राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता की उपस्थिति में यज्ञ-हवन कर शिविर का समापन किया गया। आर्ष कन्या गुरुकुल बीकेबाहरा की ब्रह्मचारिणी बहनों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न कराया गया तथा दयानंद सरस्वती के भजन भी गाए गए। यह शिविर राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता दीदी के नेतृत्व में, जिला प्रभारी महिला पतंजलि सुमति साहू एवं जिला महामंत्री पूनम पटले के सौजन्य से तथा दानेश्वर सिन्हा एवं अनिता सिन्हा के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया। कॉलोनीवासियों एवं योग साधकों के विशेष अनुरोध पर महिला पतंजलि समिति द्वारा इस शिविर को नियमित योग कक्षा में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। अब यहाँ प्रतिदिन प्रातः 6 से 7 बजे तक योग कक्षा संचालित की जाएगी। इस अवसर पर हेमलता साहू, सुमति साहू, पूनम पटले, रमा चंद्राकर, कमला रोतिया, दानेश्वर सिन्हा, अनिता सिन्हा, खुशबू, नम्रता, तमन्ना, नागेश्वरी साहू, प्रियंका साहू, नरोत्तम चक्रधारी, चेतन ठाकुर तथा भारत स्वाभिमान के जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जी रामजी विकसित भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा : अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं छाया विधायक अलका चंद्राकर ने विकसित भारत जी राम जीविधेयक विकसित भारत और रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक को विकसित भारत के लक्ष्य को समर्पित विधेयक बताया है।

पारित विधेयक ग्रामीण विकास में मिल का पत्थर साबित होगा महात्मा गांधी का सपना गांव के विकास से देश का विकास संभव है। भारत की आत्मा गांव में बस्ती उन्हीं की सपनों को साकार करते गांधी के आदर्शों को लागू करते हुए और विकसित गांव की बुनियाद पर विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की दिशा में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार काम कर रही है। कांग्रेस ने तो नरेगा के कार्यक्रम की शुरुआत कर गांधी को भुला दिया था, फिर सिर्फ चुनावी लाभ के लिए कांग्रेस ने 2009 में लोकसभा चुनाव से पहले बापू याद आए और मनरेगा जोड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे सही क्रियान्वयन किया और कांग्रेस ने सिर्फ गांधी के नाम को चोरी करने का काम किया।

उन्होंने कहा कि इमारत संस्थाओं भवन सड़क स्मारक का नाम सिर्फ नेहरू, इंदिरा, राजीव के नाम पर रखकर महात्मा गांधी की आत्मा के साथ खिलवाड़ किया और आज



कांग्रेसी घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं इस योजना में चार प्राथमिक क्षेत्र को जोड़ा गया है। जल सुरक्षा, ग्रामीण ढांचा, आजीविका से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर चौथा अत्यधिक मौसम से निपटने विशेष कार्य योजना युक्त धारा प्लानिंग तहत आजीविका बढ़ाने और जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। आजीविका, डबरी, सामुदायिक वृक्षारोपण, मोर गांव मोर अभियान से जुड़े कार्य, नर्सरी निर्माण, तालाब, चेक डैम निर्माण, रिचार्ज पिट, अमृत सरोवर, उचित मूल्य दुकान, मुक्तिधाम निर्माण, अन्य परिसंपत्ति निर्माण से जुड़े मजदूरी मूलक कार्य शामिल है। कुल मिलाकर विकसित भारत 2047 को साकार करने में विकसित भारत जी राम जी बहुत ही कारगर सिद्ध होगा

# लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में 24 एवं 25 दिसंबर को

## आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन आगामी 24 एवं 25 दिसंबर को जिला मुख्यालय में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव को सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराए जाने हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज शाम संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा विभाग, जिला पंचायत, आदिवासी विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं में खेल भावना विकसित करने, प्रतिभाओं को मंच देने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के



निर्देश देते हुए कहा कि आयोजन के प्रत्येक पहलू पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि प्रतिभागियों एवं दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में खेल मैदानों की तैयारी, पंजीयन व्यवस्था, खेल सामग्री की उपलब्धता, निर्णायकों की नियुक्ति, खिलाड़ियों के आवागमन, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को आयोजन स्थल पर एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित करने, वहीं पुलिस विभाग को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर पालिका एवं लोक निर्माण विभाग को खेल स्थलों की साफ-सफाई, मंच, बैठक व्यवस्था तथा आवश्यक मरम्मत कार्य समय पर पूर्ण करने को कहा। साथ ही, शिक्षा एवं खेल विभाग को प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन, समय-सारिणी निर्धारण तथा प्रतिभागियों के समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई। कलेक्टर ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जिले के खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर है, इसलिए आयोजन को उत्सव के रूप में मनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं और आयोजन के दौरान निरंतर निगरानी रखी जाए।

## एक दिवसीय पंथी प्रतियोगिता 24 को

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह नयापारा में 25 दिसंबर गुरुवार को सन्त शिरोमणि घासीदास बाबा की 269वीं जयंती का आयोजन सतनाम पारा जैतखाम में रखा गया है। जैतखाम परिसर में सुबह 10 बजे समाजिक पदाधिकारियों द्वारा पालो चढ़ाकर पूजा अर्चना की जाएगी। सफेद पोषाक धारण किए भक्तों के नेतृत्व में पद प्रदर्शन कर, ग्राम भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी। बालक बालिकाओं द्वारा 24 दिसंबर बुधवार को पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 25 दिसंबर को दोपहर 3 बजे आसकरण सोनवानी, संजय बंजारे, मोहन पुरेना, शत्रुहन पाटिल, प्रवीण वंशे, नरोत्तम पुरेना, दुलार जांगड़े की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर, मड़ई मेला का आयोजन किया जायएगा। रात्रि 10 बजे दुधचंदा संस्कृतिक कार्यक्रम अपना प्रस्तुति देंगे।जय सतनाम सेना के युवा प्यारे लाल पुरैना, रूपेश जांगड़े, धर्मेंद्र बंजारे, आशीष जांगड़े, अजय सोनवानी, सूरज वंशे, राजेंद्र बघेल, कुंजलाल पुरेना, दिनेश पाटिल, सूरज वंशे, राकेश चेलक, किशोर सोनवानी, टुकेश्वर सोनवानी, अजय सोनवानी, राजेंद्र बघेल, आशीष जांगडे, हरमिंदर सोनवानी, शत्रुहन कुर्रे, धर्मेंद्र चेलक, मोहित वंशे, हेमंत सोनवानी, विकास वंशे, अमृत पुरेना, आकाश बंजारे, रूपेश पुरेना सहित सदस्य तैयारी में जुटे हुए है। उक्ताशय की जानकारी रूपेश जांगड़े ने दी हैं।

## खबर संक्षेप



### पचरी की पंथी पार्टी जिले की ओर से करेगी शिरकत

**महासमुंद**। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरा के मैदान में प्रति वर्ष की भांति जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सतनाम पंथी पार्टी पचरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो राज्य स्तरीय गुरु घासीदास लोककला महोत्सव 2025 में शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत खैरा के सरपंच प्रांशु चंद्राकर तथा विशिष्ट अतिथि बी के ढीढी पूर्व मंडल संयोजक रहे। इस अवसर पर ग्राम के दर्शकगण एवं विभाग की ओर से आरएन ध्रुव, सतीश घृतलहरे, पुष्कर चंद्राकर, मोहनीश वैष्णव, संदीप घृतलहरे, अमृता रायसागर, तनूजा चंद्राकर, ममता सोनी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### छात्रों को दी गई ठंड से बचाव की जरूरी जानकारी

**महासमुंद**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में ठंड के बढ़ते प्रभाव एवं बचाव के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया.संस्था के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर ने कहां की अत्यधिक ठंड से शरीर में कंपकंपी, सुन्नता, सिर दर्द, सुस्ती भूख न लगना, सर्दी खांसी, बुखार, उल्टी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती है.उन्होंने बच्चों को सलाह दी की गर्म कपड़े पहने, ठंड में अनावश्यक बाहर न निकले, नियमित योगा एवं व्यायाम करें, सोने से पहले तलवो में तेल लगाए, पौष्टिक और गरम भोजन करें तथा गीले कपड़े न पहनें और स्वास्थ्य संबंधी समस्या में अभिभावकों को सूचना देकर चिकित्सा से परामर्श ले.उन्होंने मौसम और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अलर्ट का भी पालन करने पर जोर दिया.इस अवसर पर शिक्षक ने संस्था में कार्यरत रसोईया दयालू दीवान को स्वेटर भेंट किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू शिक्षक अमर साहू, बिहेंद्र साहू, किरण दीवान एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन 23 को

**महासमुंद**। निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में जिला महासमुंद के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। इनमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 39 सराईपाली, 40 बसना, 41 खल्लारी एवं 42 महासमुंद शामिल हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार 23 दिसंबर 2025 को इन सभी विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन किया जाना है। इस अवसर पर निर्वाचक सूची से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं मीडिया को अवगत कराने हेतु प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई है। प्रेस कांफ्रेंस 23 दिसंबर 2025 को सायं 4 बजे कलेक्टर कार्यालय महासमुंद के सभाकक्ष में आयोजित होगी। कलेक्टर लंगेह ने समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से नियत तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### प्रायोगिक परीक्षा आज

**धमतरी**। कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर धमतरी में बीसीए एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के ऑफिस ऑटोमेशन की प्रायोगिक परीक्षा 23 दिसम्बर को प्रातः 9:30 बजे होगी। छात्र-छात्राएं अनिवार्य रूप से कॉलेज में प्रवेश पत्र एवं प्रायोगिक परीक्षा की कॉपी के साथ नियत समय पर उपस्थित हों। यह जानकारी डॉ आशीष नामदेव कॉम्पटेक महाविद्यालय ने दी।

### बेंद्रानवागांव मड़ई 25 को

**पुरी**। ग्रामवासियों के सहयोग से बेंद्रानवागांव में 25 दिसंबर को मड़ई रखी गई है। रात में राम लखन का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है।

# भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी का जन्मदिन बना जन-उत्सव

## विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

भारतीय जनता पार्टी जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी का जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम नागरिकों में उनके प्रति दिखी अपार दीवानगी ने इस दिन को खास बना दिया। जन्मदिन का जश्न आधी रात से शुरू होकर अगले दिन देर शाम तक लगातार चलता रहा। स्वप्निल के प्रशंसकों और मित्रों ने रात्रि ठीक 12 बजे आतिशबाजी कर और केक काटकर जन्मदिन की शुरुआत की। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर बड़ी संख्या में जुटे समर्थकों ने उल्लासपूर्वक इस अवसर को मनाया।



### विधायक डॉ. संपत अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे

जन्मदिन का मुख्य कार्यक्रम 2:30 बजे आयोजित किया गया, जिसमें बसना विधानसभा के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल विशेष रूप से शामिल हुए। विधायक की उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान स्वप्निल ने विधायक से आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. संपत ने तिवारी की संगठन के प्रति निष्ठा, कार्यक्षमता और सक्रिय भूमिका की सराहना की।

### गौ-सेवा और सादगी से मनाया जन्मदिन

जन्मदिवस का एक भावुक और प्रेरणादायक पहलू स्थानीय गोविंद कमला गौशाला में देखने को मिला। यहाँ गौ सेवकों एवं गौशाला समिति द्वारा विशेष तैयारियाँ की गई थीं। पूरे परिसर को सजाया गया था, जहाँ स्वप्निल तिवारी ने गौ-माता की सेवा कर अपना जन्मदिन मनाया। गौ सेवकों ने बताया कि स्वप्निल तिवारी हमेशा सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहते हैं, इसी कारण इस अवसर को विशेष रूप से मनाया गया।

### पत्रकारों ने भी मनाया जन्मदिन

स्वप्निल तिवारी का व्यवहार राजनीति तक सीमित न होकर पत्रकारिता और बौद्धिक जगत में भी अत्यंत सम्मानित है। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ, पिथौरा इकाई द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनका जन्मदिन मनाया गया। पत्रकारों ने आत्मीयता से भरे इस आयोजन के माध्यम से स्वप्निल तिवारी के मिलनसार व्यक्तित्व और सभी वर्गों के साथ उनके मजबूत संबंधों को रेखांकित किया।

### स्वप्निल तिवारी ने व्यक्त किया आभार

दिनभर चले कार्यक्रमों और मिले अपार स्नेह से अभिभूत होकर भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सभापति रामदुलारी सीताराम सिंहा, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा सहित युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार साथियों, मित्रगणों एवं क्षेत्र के वरिष्ठजनों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "जनता और संगठन से मिला यह स्नेह और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। क्षेत्र की सेवा और संगठन को मजबूत करने के लिए मैं सदैव संकल्पित रहूँगा।"

## शिविर : 24 को ढांक महासमुंद, लमकेनी एवं बड़ेढाबा बसना में लगेगा

# सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत जिले में प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन 19 दिसंबर 2025 से 26 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधे गांव-गांव तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है।

इसी क्रम में सोमवार को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोंगरा के पूर्व माध्यमिक शाला में शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जनपद सदस्य नीता साहू, एसडीएम अक्षा गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर शुभम देव, जनपद सीईओ बीएस मंडावी, तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। शिविर में 30 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में 2 बच्चों का अन्नप्राशन एवं 2 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई की रश्म कराया गया। साथ ही विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस हेतु शिविर लगाया गया। इसके अलावा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया।



### शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही

अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में विकासखंड स्तर के अधिकारी विभाग से संबंधित स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर रहे हैं, वहीं आम जनता से प्राप्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं के अंतर्गत सामग्री वितरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले के महासमुंद, बागबाहरा, बसना, पिथौरा, सरायपाली विकासखंडों के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों एवं शासकीय विद्यालय परिसरों, पंचायत भवनों एवं सामुदायिक स्थलों पर शिविर आयोजित किया जा रहा है। सभी शिविरों का समय प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है।

मोंगरा शिविर में कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें 81 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इसी तरह आज बसना विकासखंड अंतर्गत हाई स्कूल चनाट के शिविर में 51 आवेदन प्राप्त हुए एवं 23 निराकृत किया गया। सरायपाली विकासखंड अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक शाला तोषगांव शिविर में 63 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 42 आवेदन निराकृत किया गया। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तुसदा में एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन परिसर गड़बेड़ा में भी शिविर का आयोजन हुआ।

महासमुंद विकासखंड महासमुंद अंतर्गत 23 दिसंबर को उच्चतर माध्यमिक शाला मालीडीह में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार, 24 दिसंबर को शासकीय प्राथमिक शाला ढांक में, 26 दिसंबर को ग्राम पंचायत भवन बनपचरी में आयोजित होगा। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 23 दिसंबर को शासकीय हाई स्कूल बकमा, 24 दिसंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लमकेनी, 26 दिसंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खैरटखुर्द में, बसना विकासखंड अंतर्गत 23 दिसंबर को हाई स्कूल रोहिना, 24 दिसंबर को शहीद गगनदीप सामुदायिक शेड बढ़ेढाबा में, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत 23 दिसंबर को हाई स्कूल परिसर अरण्ड में तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 23 दिसंबर को उच्चतर माध्यमिक शाल केंदुवा एवं 26 दिसंबर को हाई स्कूल टेमरी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की गई है।

# सुंदरा दाई मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विधानसभा अंतर्गत पोटापारा स्थित सुंदरा दाई मंदिर परिसर में आयोजित सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता हुई। यह क्षेत्र दैवीय अनुग्रह से ओतप्रोत होने के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मंगल भवन सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह घोषणा पूर्व में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया की मांग पर घोषणा की गई थी, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात आज विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सरपंच द्वारा पहुंच मार्ग एवं बिजली लाइन की आवश्यकता का प्रस्ताव रखा गया। इस पर सरला कोसरिया ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर शीघ्र ही पहुंच मार्ग, बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में लोकनाथ बारी, जयंती पटेल, संजय डड़सेना, हेतकुमार चौहान, झलकेश चंद्रवंशी, दुखीराम बरिहा, भगवानों चौहान, जयलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस भूमिपूजन से क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों को नया आधार मिलेगा और ग्रामीण विकास को मजबूती प्राप्त होगी।

## खेलो इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर किरण बघेल को विधायक द्वारिकाधीश यादव ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

राजस्थान के कोटा में आयोजित खेलो इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने वाली महासमुंद जिले की प्रतिभाशाली खिलाड़ी किरण बघेल ने आज खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से सौजन्य मुलाकात की। विधायक यादव ने किरण बघेल को इस उपलब्धि पर हौसला अफजाई करते हुए कहा कि यह सफलता जिले के युवाओं और खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सीमित संसाधनों में भी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना गर्व का विषय है।

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि राज्य सरकार एवं जनप्रतिनिधि सदैव खिलाड़ियों के साथ खड़े हैं और भविष्य में भी उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

किरण बघेल ने भी विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रोत्साहन से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और आगे बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।



### प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम सुशासन सप्ताह के अंतर्गत हुआ भव्य आयोजन

**सरायपाली**। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तोषगाँव में ᳚प्रशासन गाँव की ओर᳚ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सरला कोसरिया महिला आयोग सदस्य, कुमारी भास्कर भाजपा जिला मंत्री, सभापति जिला पंचायत लोकनाथ बारीक, सभापति जिला पंचायत महसमुंद, मुकेश धर्मेंद्र चौधरी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, उद्धव नंद सभापति जनपद पंचायत, बालमोती रेशम पटेल, सरपंच तोषगांव मोहित रोतिया, सरपंच पझरापाली हरीशंकर नेटी, सरपंच इच्छापुर युगल साहू, अतिथि के रूप उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान सरला कोसरिया ने हितग्राहियो के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया। उन्होंने बड़ी गंभीरता से ग्रामीणों की दैनिक आवश्यकताओं, गांव के विकास संबंधी और आवश्यक समस्याओं को सुना। कुमारी भास्कर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों द्वारा उठाए गए मुद्दों का निराकरण समय सीमा के भीतर किया जाए ताकि सुशासन की मूल भावना 'अंतिम व्यक्ति तक लाभ' को चरितार्थ किया जा सके।

## उपाध्यक्ष ने किया बेलसोंडा धान केंद्र कता औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने सोमवार को बेलसोंडा धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी, उठाव, बारदाने की उपलब्धता और तौल प्रक्रिया जांची। निरीक्षण के दौरान उन्होने सोसाइटी प्रबंधन को निर्देशित किया कि धान बेचने आए किसी भी किसान को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। उनके पसीने की कमाई का सही मूल्य और पारदर्शी तौल समय पर मिलना चाहिए। यदि किसानों को परेशान करने या प्रबंधन की लापरवाही की शिकायत मिली, तो कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम संपन्न

# गणित दिवस पर विभिन्न प्रतियोगियों में विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में विज्ञान संकाय द्वारा प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजित किया गया था। यह तीन दिवसीय गणित दिवस 19, 20 एवं 22 दिसंबर को आयोजित किया गया।

जिसके तहत 22 दिसंबर को तृतीय दिवस वाद विवाद प्रतियोगिता एवं समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य एवं संरक्षक करुणा दुबे, मुख्य वक्ता प्रो. भावना पुरबिया सहायक प्राध्यापक गणित शासकीय बद्रीप्रसाद पीजी महाविद्यालय आरंग, मनीराम धीवर कार्यक्रम संयोजक एवं विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र, डॉ ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख साथ ही रुपावती अतिथि व्याख्याता गणित मंचस्थ रहे। सभी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

स्वागत उद्बोधन एवं प्रतिवेदन पाठन मनीराम धीवर ने बताया कि यह गणित दिवस रजत जयंती वर्ष और 'छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), डीएसटी, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा उत्प्रेरित एवं समर्पित' है। विगत दो दिनों से संचालित राष्ट्रीय गणित दिवस पर अयोजित विभिन्न प्रतियोगियों की जानकारी प्रदान किया गया। गणित दिवस मनाने के उद्देश्य को बताया गया। साथ ही सभी विज्ञान संकाय के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं को इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर धन्यवाद दिया। स्वागत उद्बोधन पश्चात मुख्य वक्ता प्रो. भावना पुरबिया ने राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रकाश डालते हुए उसकी उत्पत्ति और श्रीनिवासन रामानुजन की जीवन शैली को विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने क्रिप्टोग्राफ़ी पर भी अपना विचार व्यक्त किया साथ ही उन्होंने कहा कि 'गणित केवल गणना नहीं, गणित सोच का विज्ञान है।' साथ ही छात्र छात्राओं के द्वारा किए प्रश्नों का भी उत्तर विस्तार से दिया गया। गणित के विभिन्न गणितज्ञ भारतीय एवं विदेश उनके बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए उनके किए कार्य को विद्यार्थियों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम के संरक्षक एवं प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि गणित के क्षेत्र में विद्यार्थी रुचि के साथ पढ़ें और इस क्षेत्र में आगे बढ़ें। साथ ही आज समापन सत्र में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें अख्तरून निशा, टीना निषाद, पुष्पेंद्र पटेल, दुर्गा बरिहा ने अपने पक्ष विपक्ष में विचार व्यक्त किया। उक्त प्रतियोगिता के निर्णायक प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र, रुपावती अतिथि व्याख्याता गणित, सी.पी. चतुर्वेदी अतिथि व्याख्याता गणित रहे।




उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दुर्गा बरिहा बीएससी प्रथम सेमेस्टर रही, द्वितीय स्थान टीना निषाद बीएससी तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान अख्तरून निशा बीएससी अंतिम वर्ष रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही दो विगत दिवसों के सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय गणित दिवस में उपस्थित मंचस्थ अतिथियों एवं विज्ञान संकाय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी व्याख्याता को विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए डॉ प्रिया बारीक अतिथि व्याख्याता भौतिकशास्त्र, रुपावती, रोहिणी देवांगन एवं सीपी चतुर्वेदी अतिथि व्याख्याता गणित, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र, टीकम साहू व्याख्याता कंप्यूटर, मुकेश पेंदरिया खेल सहायक को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही हरिचंद निषाद प्रयोगशाला परिचारक भौतिकी, मनीष साहू प्रयोगशाला परिचारक वनस्पतिशास्त्र, मनीष साहू प्रयोगशाला तकनीशियन, रोहित कन्नौजे प्रयोगशाला परिचारक रसायनशास्त्र का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख द्वारा किया गया।

# पानी की समस्या से परेशान नागरिक हांडी लेकर पहुंचे पालिका दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

## पैदल मार्च निकालकर सौंपा ज्ञापन

नगर पंचायत के रावणभाठा पारा वार्ड नंबर 01 में नलकूपों से पानी नहीं आने के कारण पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। हालात से परेशान वार्डवासियों का सब्र सोमवार को टूट गया। कांग्रेस पार्षद प्रफुल्ल राजपूत के नेतृत्व में वार्ड की महिलाओं ने हाथों में मिट्टी की हांडी लेकर वार्ड से नगर पंचायत कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और नगर पंचायत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर सीएमओ को ज्ञापन एवं हांडी भेंट करना चाह रहे थे, लेकिन सीएमओ के कार्यालय में मौजूद न होने पर कर्मचारियों को ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद सभी एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां वार्ड की महिलाओं ने पार्षद प्रफुल्ल राजपूत के नेतृत्व में एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा को ज्ञापन सौंपकर पेयजल संकट से अवगत कराया। इस दौरान तहसीलदार मनीषा देवांगन भी उपस्थित रहीं।

पार्षद प्रफुल्ल राजपूत ने बताया कि वार्ड में लंबे समय से नलों में पानी नहीं आ रहा है। इस समस्या को वे कई बार नगर



पंचायत सीएमओ के समक्ष उठा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। मजबूरी में वार्डवासी पानी के लिए भटकने को विवश हैं। नगर पंचायत द्वारा टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन संकरी गलियों के कारण टैंकर वार्ड के भीतर नहीं पहुंच पाता।

उन्होंने बताया कि रावणभाठा पारा में लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से नई पानी टंकी का निर्माण किया गया है, साथ ही इसके लिए 12 बोरवेल्स भी कराए गए हैं, बावजूद इसके टंकी को चालू नहीं किया गया है। इसी कारण वार्ड में पेयजल संकट बना हुआ है। पार्षद ने 15 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान पार्षद टेकु साहू, युवा नेता विकास शर्मा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

### जल्द होगा समाधान

वार्ड क्रमांक 01 से 05 तक पेयजल समस्या की जानकारी मिली है। जल्द ही इस समस्या का समाधान कराया जाएगा।

-बजरंग सिंह वर्मा
एसडीएम पिथौरा

## परेशानी : उपार्जन केंद्र पहुंचे पीड़ित कृषक, प्रशासन से समाधान की मांग

# रकबा संशोधन व सत्यापन लंबित धान विक्रय से वंचित किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

बरनवापारा वनांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, बार (पंजीयन क्रमांक 197) से जुड़े कृषक इन दिनों गंभीर परेशानियों से जूझ रहे हैं। रकबा संशोधन एवं भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया लंबित होने के कारण किसान समय पर धान की फसल का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में रकबा संशोधन के कुल 366 प्रकरण अब भी लंबित हैं। वहीं भौतिक सत्यापन के 46 प्रकरण अब तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं। इस प्रशासनिक विलंब का सीधा असर क्षेत्र के सैकड़ों कृषकों की आजीविका पर पड़ रहा है। विशेष रूप से वन ग्राम अकलतरा के 23 कृषकों द्वारा बार-बार



आवेदन एवं निवेदन किए जाने के बावजूद आज तक उनके रकबे का संशोधन नहीं हो सका है। इससे आक्रोशित कृषक लगातार कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जबकि धान उपार्जन की समय-सीमा भी निकलती जा रही है। इस गंभीर स्थिति को लेकर उपार्जन केंद्र में आज बड़ी संख्या में पीड़ित कृषक आवेदन के साथ उपस्थित हुए और प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। कृषकों ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा और आर्थिक स्थिति और अधिक कमजोर हो जाएगी। कृषकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि रकबा संशोधन एवं लंबित भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि वे समय पर धान विक्रय कर सकें और आर्थिक संकट से उबर सकें। उपस्थित कृषकों ने उपार्जन केंद्र में रखी शिकायत पेटी में अपना लिखित आवेदन डालकर समस्या का शीघ्र निदान होने का अनुरोध किया है

उपार्जन केंद्र में उपस्थित पीड़ित कृषकों के नाम इस प्रकार हैं-ग्राम अकलतरा के किसान रामजी नेताम, दाउ पाड़े, भोजराम दीवान, घसिया दीवान, स्वरूप दीवान, संतोष साहू, गोविंद नेताम, टेकराम यादव, आनंद ध्रुव, दुकालू यादव, सीताराम साहू, कन्हैया चौहान, सुकंतीन व रामरतन यादव सहित अन्य कृषक उपस्थित रहे।

# परसुलीभांठा में फिर शुरू हुआ साप्ताहिक बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

संतोषी नगर परसुली भाठा में पुनः साप्ताहिक बाजार की शुरुआत हुई।

■ बाजार स्थल में मुरूम डालकर किया गया समतलीकरण

इसके पूर्व में यह बाजार परसुली गांव के शासकीय राशन दुकान के पास संचालित रहा। इस पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के बुजुर्गों की सहमति से फिर पुनः संतोषी नगर बुढादेव शा. उच्चतर मा. विद्यालय परसुली के सामने साप्ताहिक बाजार शुक्रवार को लगेगी।

इस जगह को मुरूम डाल कर समतलीकरण करके व्यवस्थित किया गया। इसका शुभारंभ संयुक्त रूप से सभी ने पूजा अर्चन व नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य -लोचन पटेल, जनपद सदस्य लता कुम्हार, स्थानीय सरपंच जलसिंह, चक्रधारी, लीला बाई दीवान, सरपंच पंडरीपानी सुनीता सोनवानी, भागीरथी पटेल, पूरन पटेल, परमेश्वर पटेल, कैलाश पटेल, ईवन कुर्रे, कपूरचंद चक्रधारी समेत पंचगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जनपद सदस्य ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण...



**झलप।** जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू ने आंगनबाड़ी सिंघनपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि आंगनबाड़ी केंद्र का भवन अति जर्जर हो चुका है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वर्तमान में इस केंद्र में 58 बच्चे अध्ययनरत है, जर्जर भवन की जानकारी प्रशासन को कई बार दी गई है लेकिन आज तक इसके लिए कोई भी कदम नहीं उठाया गया। जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू ने कहा कि अगर जल्द से जल्द आंगनबाड़ी भवन निर्माण शुरू नहीं किया गया तो आंगनबाड़ी केंद्र में तालाबंदी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान ग्राम के उपसरपंच रामेश्वर गब्बर साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा योगी, मधु निषाद मोहनी साहू, महावीर साहू, तोरण साहू, हेमलाल साहू आदि समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री उमेश पटेल से मिले कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश नंदकुमार पटेल के रायपुर प्रवास के दौरान बसना–पिथौरा क्षेत्र के कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस नेताओं ने पिथौरा स्थित रेस्ट हाउस में उनसे सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति के साथ-साथ किसानों के समक्ष उत्पन्न गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव संजय सिन्हा ने प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान शासन में किसान दाने-दाने के लिए परेशान है। उन्होंने बताया कि धान बिक्री को लेकर किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



सोसायटियों में तकनीकी खामियों और कुप्रबंधन के चलते टोकन समय पर नहीं कट पा रहे हैं, वहीं धान का समय पर उठाव नहीं होने और जटिल नियमों के कारण किसानों को मंडियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों और आम जनता के साथ खड़ी रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनहित की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस सड़कों से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेगी।

मुलाकात करने वाले में किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजय सिन्हा, बसना विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला, युवा नेता मिंकू अजमानी, टेटे विश्वकर्मा, रमेश निषाद, किशन ठाकुर, चैंपियन विश्वकर्मा, तरुण प्रधान, रमेश सिदार उपस्थित रहे।

# 80 प्रतिशत आदिवासी ग्राम पंचायतों में चना नहीं मिल रहा

## जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान ने सरकारी पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

■ सरकारी की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा, आदिवासी परिवारों को हो रही परेशानी

जिले के अधिकांश आदिवासी बहुल ग्राम पंचायतों में शासन की महत्वाकांक्षी चना वितरण योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेता मोक्ष प्रधान ने वर्तमान भारतीय जनता पार्टी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी निंदा की है।

मोक्ष प्रधान ने कहा कि जिले की लगभग 80 प्रतिशत आदिवासी ग्राम पंचायतों में योजना पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। योजना के अंतर्गत मिलने वाली आवश्यक सामग्री और सुविधाएं समय पर ग्रामीणों तक नहीं पहुंच रही हैं, जिससे गरीब और आदिवासी परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के तथाकथित "सुशासन" में



पिछले लगभग तीन महीनों से खाद्यान्न विभाग द्वारा चना का वितरण नहीं किया गया है। इससे सरकारी राशन पर निर्भर हजारों परिवारों की स्थिति दयनीय हो गई है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के पोषण पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

मोक्ष प्रधान ने आरोप लगाया कि सरकार केवल कागजों में योजनाएं चला रही है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। आदिवासी क्षेत्रों की लगातार अनदेखी की जा रही है और अधिकारियों की लापरवाही के कारण योजनाएं धरातल पर विफल हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस योजना की तत्काल समीक्षा की जाए, खाद्यान्न वितरण में हो रही लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, तथा सभी पात्र हितग्राहियों को शीघ्र चना एवं अन्य राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी और जनप्रतिनिधि आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।



## घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांपा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान संबोधित करते हुए तुषार ने कहा नशे के खिलाफ लड़ने का लिया संकल्प, बाबा घासीदास की जयंती के अवसर पर नशे से दूर रहे, नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में शामिल होकर लोगों को जागरुक करें. बाबा गुरु घासीदास के संदेश, सत्य अहिंसा, समानता और मानवता के मूल्यों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया साथ ही अंधविश्वास, भेद-भाव व जातिवाद के खिलाफ सभी मानव को जागरूक रहने व सत्य की मार्ग पर चलने की बात दोहराई.

## गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में सरेकेल में व्यक्तित्व परिष्कार शिविर का आयोजन किया गया

# गायत्री मंत्र के महत्व एवं उसके जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के तत्वावधान में ग्राम सरेकेल के ग्राम पंचायत भवन एवं उच्च माध्यमिक शाला परिसर में एक दिवसीय व्यक्तित्व परिष्कार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कक्षा पाँचवीं से बारहवीं तक के लगभग 130 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच राजकुमारी साहू द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के वरिष्ठ परिजन एलके. मेश्राम ने गायत्री परिवार, उसके संस्थापक परम पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के जीवन, उद्देश्य तथा गायत्री परिवार के मिशन एवं सप्त आंदोलन पर संक्षिप्त एवं प्रेरक उद्बोधन दिया। शक्तिपीठ महासमुंद से पधारी ब्रह्मवादिनी बहनों द्वारा प्रज्ञा गीत प्रस्तुत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। हीरालाल साहू ने गायत्री मंत्र के महत्व एवं उसके जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला तथा पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित नवयुग के संविधान का वाचन किया गया।



इसके पश्चात गरिमा दीदी, प्रेमलता दीदी एवं खेमिन दीदी द्वारा बच्चों को ज्ञानवर्धक एवं जीवनोपयोगी बातें बताई गईं। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को खेलकूद के माध्यम से जीवन जीने की कला सरल रूप में समझाई गई। वहीं कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से नशा न करने, स्वस्थ रहने, जीवन प्रबंधन, स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता (सीटिंग पावर) बढ़ाने संबंधी जानकारी नरेश साहू द्वारा दी गई।

कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद से एल.के. मेश्राम, हीरालाल साहू, बोधराम साहू, रिखीराम साहू, नरेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्राम झलप से दिलीप चंद्राकर तथा ग्राम सरेकेल से करण बरिहा, परमानंद, देवी सिंह दीवान, नारायण सिंह ठाकुर, नारायण साहू, भूषण लाल साहू, वेदराम बरिया, भुवन लाल साहू, पिपेश्वर ध्रुव, प्रधान पाठक भोजराम ध्रुव, सनतन बरिहा, देवकी साहू, रेवती बरिहा, रथराम साहू सहित ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित सभी बच्चों को किसी भी प्रकार का नशा न करने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही प्राथमिक शाला सरेकेल के 30 बच्चों को निःशुल्क गर्म कपड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में भुवन साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम व्यवस्था में सरपंच राजकुमारी साहू द्वारा चाय-नाश्ते की तथा जीतराम खड़िया द्वारा माइक व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### सरपंच ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**नर्रा।** पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम झलमला के आंगनबाड़ी केंद्र में 21 दिसंबर को शून्य से पांच वर्ष के बच्चे को पोलियो की दवा पिलाई गई जिसमें स्थानीय सरपंच पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी ने बच्चे को पोलियो की दवा दो बूंद पिलाकर शुभारंभ किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डालेश्वरी सोनवानी, मितानिन मानबाई ठाकुर समेत शिशुवती माताएं मौजूद रहे।



### जनपद सदस्य ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**नर्रा।** पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम बनियातोरा के आंगनबाड़ी केंद्र में 21 दिसंबर को शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य लोचन पटेल ने बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह एक बहुत ही जिम्मेदार निर्णय लिया है, जो न केवल आपके बच्चे को बल्कि पूरे समाज को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने में मदद करता है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-मानकी पटेल, मोना पटेल, पीला पटेल, भेखराम पटेल के अलावा शिशुवती माताएं उपस्थित रहे।



### नगर पालिका उपाध्यक्ष ने पिलाई पोलियो की दवा

**बागबाहरा।** पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत करते हुए देवेश साहू पार्षद वार्ड नंबर 2 उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा ने व्यापारी तालाब स्थित वार्ड पहुंचें जहां मितानिन विद्या वैष्णो, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मोहल्लेवासियों की उपस्थिति में बच्चों को दवा पिलाई।



### सिंघनपुर में बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक

**झलप।** समीपस्थ ग्राम सिंघनपुर में पल्स पोलियो अभियान के तहत 30 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व जनपद सभापति एवं उप सरपंच सिंघनपुर रामेश्वर गब्बर साहू ने भारत को पोलियो मुक्त कराने हेतु सभी जागरूक नागरिकों से अनुरोध किया है कि आप अपने क्षेत्र के हर गांववासियों को इस खुराक के महत्व की जानकारी दें, इस महान कार्य में भागीदार बने। इस वर्ष पल्स पोलियो अभियान 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक पूरे भारत वर्ष के आयोजित किया जा रहा है।

### प्रायोगिक परीक्षा आज से

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के बीए/बीएससी प्रथम सेमेस्टर, डीएससी/जीई (भूगोल) विषय के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 23 दिसंबर को समय-सुबह 9 एवं 24 दिसंबर को सुबह 10 से 4 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी।